
# होमओनर वॉटर गाइड
# टॉयलेट के रिसाव और उनकी मरम्मत

हमारे घरों के सभी उपकरणों में से, **टॉयलेट्स में सबसे अधिक पानी का उपयोग किया जाता है।** टॉयलेट घरेलू रिसावों के सबसे आम कारण भी हैं। पुराने, उच्च प्रवाह वाले टॉयलेट्स को कम प्रवाह वाले मॉडलों से बदलना और नियमित रूप से रिसावों की जाँच और मरम्मत करना आपके घर के पानी के उपयोग को कम करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

चूँकि हम अपने घरों में इस्तेमाल होने वाले समस्त पानी के लिए भुगतान करते हैं - जिसमें रिसाव से गँवाया हुआ पानी भी शामिल है – इसलिए गृहस्वामियों को समस्याओं के लिए कम से कम हर छह महीने में एक बार अपने टॉयलेट की जाँच करनी चाहिए। इसे पानी के उपयोग में अस्पष्ट परिवर्तनों के लिए पानी के बिलों की निगरानी करने, घरेलू रिसावों का पता लगाने के लिए पानी के मीटर को एक उपकरण के रूप में उपयोग करने और लीकी टॉयलेट टेस्ट करने के द्वारा किया जा सकता है, (जैसा कि अगले कुछ पृष्ठों में उल्लिखित है)।

## क्या आपको पता था?

टॉयलेट फ्लैपर के नीचे से पकड़ी गई चेन पानी के चलने के लिए एक अंतराल छोड़ देगी और प्रति माह 3 क्यूबिक मीटर बर्बाद कर सकती है। एक टूटा हुआ या खराब हो चुका फ्लैपर 450 क्यूबिक मीटर बर्बाद कर सकता है। यदि टॉयलेट टैंक में पानी का स्तर बहुत अधिक है, तो पानी लगातार ओवरफ्लो ट्यूब में बहेगा, या यदि फ्लैपर पूरी तरह से उठा हुआ है, तो यह प्रति माह 1,200 क्यूबिक मीटर तक बर्बाद कर सकता है। **इन रिसावों की लागत $9.00 प्रति माह से लेकर $4000.00 प्रति माह तक हो सकती है।** आप **calgary.ca/waterleaks** पर रिसावों के आकार और लागत के बारे में अधिक जान सकते/ती हैं।




# टॉयलेट के रिसावों को ढूँढना और उनकी मरम्मत करना

बाजार में अलग-अलग फ्लोट्स और वाल्व सील करने की व्यवस्थाओं वाले, पर अलग-अलग किस्म के टॉयलेट हैं लेकिन व्यवस्था चाहे जो भी हो, **रिसाव आमतौर पर एक जैसे कारणों से होता है।**

## क्या आपको पता था?

बड़े रिसाव, जैसे कि एक चालू टॉयलेट, सुनने और पता लगाने में आसान हो सकता है, लेकिन **कई टॉयलेट रिसाव निःशब्द होते हैं और उन पर लंबे समय तक किसी का ध्यान नहीं जा सकता है।**




## चरण 1: संभावित रिसाव का स्थान निर्धारित करें

☐ वॉटर लाइन को देखें। यदि यह ओवरफ्लो ट्यूब के नीचे है, तो **चरण 2** पर जाएँ।

☐ यदि पानी ओवरफ्लो ट्यूब में फैल रहा है, तो **चरण 5** पर जाएँ।

☐ क्या एक ड्युअल फ्लश टॉयलेट है? लीक टॉयलेट टेस्ट को **चरण 2** में पूरा करें, फिर नीचे दिए गए **ड्युअल फ्लश टॉयलेट के लिए निर्देशों का पालन करें**।

## चरण 2: रिसाव का कारण ढूँढें

यह पता लगाने के लिए कि क्या आपका टॉयलेट रिसाव कर रहा है लीक टॉयलेट टेस्ट करें।

☐ **A.** टैंक कवर को हटाएँ।


☐ **B.** खाने के रंग (या किसी अन्य रंगीन तरल जो आपके घर में हो जैसे कि कॉफ़ी या चाय) की कई बूंदें टॉयलेट टैंक में डालें।

☐ **C.** 15-20 मिनट तक प्रतीक्षा करें।

☐ **D.** बाउल में देखें। यदि पानी रंग बदलता है, तो आपको एक रिसाव मिला है।

यदि 15-20 मिनट के बाद बाउल में रंगीन पानी दिखाई देता है, तो इसका मतलब है कि आपके टॉयलेट वाल्व में रिसाव हो रहा है। **चरण 3 पर जाएँ।**

क्या बाउल में कोई रंगीन तरल स्थानांतरित नहीं हुआ था? समस्या टॉयलेट फ्लश हैंडल में हो सकती है। **चरण 4 पर जाएँ।**




**A.** टैंक का ढक्कन हटाएँ।

**B.** टैंक में रंगीन तरल मिलाएँ।

**C.** 15-20 मिनट तक प्रतीक्षा करें (टॉयलट को फ्लश न करें)।

**D.** क्या टॉयलेट के बाउल में रंगीन पानी है? आपको एक रिसाव मिला है।



19-0002046

## चरण 3: फ्लैपर की मरम्मत करें

एक घिसा-पिटा फ्लैपर रिसाव करते हुए टॉयलेट का सबसे आम दोषी है। रंगीन तरल परीक्षण के अलावा, आपके जानने के लिए अन्य तरीके हैं कि आपका फ्लैपर बदलने के लिए तैयार है या नहीं। बस अपनी अँगुली से फ्लैपर के तले को रगड़ें। यदि आपको रबड़ की धारियाँ दिखती हैं, तो यह बदले जाने के लिए तैयार है। यदि फ्लैपर नरम और लचीला हुआ करता था, लेकिन अब यह कठोर है, इसे बदलने का समय आ गया है।

- ☐ वाल्व पर पानी को बंद करें। यह आमतौर पर टॉयलेट के पीछे या बगल की दीवार पर स्थित होता है।
- ☐ टैंक में जो पानी है उसे फ्लश करें तथा हैंडल और फ्लैपर से जुड़ी फ्लैपर चेन की लंबाई को नोट करें। (इस लंबाई को याद रखने से आपके समय की बचत होगी जब आप नया फ्लैपर स्थापित करते हैं।)
- ☐ पुराने फ्लैपर को हटाएँ, नए फ्लैपर को टॉयलेट में स्थापित करें और चेन की लंबाई को उतना समायोजित करें जितनी कि यह तब थी आपने पुराने फ्लैपर को निकाला था।
- ☐ जंग या खनिज के जमाव के लिए वाल्व सीट की जाँच करें और यदि आवश्यक हो तो इसे साफ करें। वाल्व सीट को सुखाएँ और अच्छे रेगमाल से चिकना करें। किसी भी तरह की क्षति या बड़ी खरोंच न लगे इस बात के लिए सावधान रहें जिससे अधिक रिसाव हो सकता है।
- ☐ आपूर्ति लाइन पर पानी को चालू करें और यह सुनिश्चित करने के लिए कि रिसाव की मरम्मत कर दी गई है फिर से लीकी टॉयलेट टेस्ट करें।



**फ्लैपर वाल्व:** टॉयलेट के लिए सबसे आम दोषी है।

# कुछ उपयोगी सलाहें:

- हर 3-5 साल में फ्लैपर्स को बदलें क्योंकि वे समय के साथ घिस-पिट जाएँगे, ख़राब हो जाएँगे और टूट जाएँगे।
- इस बात से अवगत रहें कि – किसी फ्लश-रिलीज़्ड वाले के बजाय - टाइम-रिलीज़्ड टॉयलेट बाउल क्लीनर्स जो आपके टैंक में बैठते आपके टॉयलेट के खराब होने की गति को बढ़ा सकते हैं और लीक का कारण बन सकते हैं। यदि आप इन उत्पादों का उपयोग करते/ती हैं, तो अक्सर रिसावों के लिए अपने टॉयलेट की जाँच करें।
- अपने टॉयलेट के टैंक में क्लोरीन और अन्य सफाई उत्पादों का उपयोग करने से आपके फ्लैपर की जीवन अवधि कम हो सकती है।
- आपको सही रिप्लेसमेंट पार्ट खोजने में सहायता करने के लिए, हमेशा अपने साथ पुराने टॉयलेट पार्ट को स्टोर में ले जाएँ।

यह जानकारी आपके लाभ के लिए दी जाती है। **यदि आप इन समायोजन करने में सहज महसूस नहीं करते/ती हैं, तो कृपया प्लम्बर को किराए पर लें।** दि सिटी ऑफ़ कैलगरी दोषपूर्ण मरम्मत की वजह से किसी भी क्षति के लिए जिम्मेदार **नहीं** होगा।



19-0002046




## चरण 4: चेन और / या फ्लश चेन की मरम्मत करें

**क्या आपका टॉयलेट तब तक चलता रहता है, जब तक कि आप हैंडल को झटका नहीं देते/ती हैं?** फ्लैपर को नियंत्रित करने वाली चेन को वाल्व सीट पर ठीक से बैठने के लिए फ्लैपर के लिए समायोजित करने की आवश्यकता हो सकती है। चेन किसी चीज़ पर पकड़ी जा सकती है या उसमें ऐंठन हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप अनिरंतर रिसाव हो सकते हैं जो टॉयलेट को फिर से बहाए जाने पर खुद ठीक हो सकते हैं।

- ☐ चेन को ठीक करने के लिए, पहले इसे साफ करें और सुनिश्चित करें कि यह फ्लैपर की सही स्थिति के लिए बहुत लंबी या बहुत छोटी नहीं है।
- ☐ यदि चेन में ऐंठन है, तो इसे बॉल-टाइप चेन से बदल दिया जाना चाहिए।
- ☐ यदि आवश्यक हो, ट्रिप लीवर को ठीक से समायोजित करने के लिए उस नट को कसें जो टॉयलेट हैंडल को थामता है।
- ☐ यदि यह काम नहीं करता है, तो हैंडल को बदलने की आवश्यकता हो सकती है।
- ☐ चेन या हैंडल को बदलने से पहले वाल्व पर पानी बंद करना याद रखें।

## चरण 5: ओवरफ्लो ट्यूब / जल स्तर बहुत अधिक है:


**यदि टैंक में पानी का स्तर बहुत अधिक है, तो यह लगातार ओवरफ्लो ट्यूब पर फैल सकता है, जिससे एक बड़ा रिसाव पैदा कर सकता है।** सही जल स्तर ओवरफ्लो ट्यूब के टॉप से लगभग 1.5 से 2.5 सेंटीमीटर नीचे है।

### अपने टैंक के जल स्तर को कम करें

- ☐ पानी के स्तर को ओवरफ्लो ट्यूब से एक या दो सेंटीमीटर नीचे करने के लिए फ्लोट रॉड एडजस्टिंग स्क्रू को घड़ी की सुई की दिशा में घुमाएँ।
- ☐ यदि आपके पास फ्लोट बॉल है तो आप धीरे से मेटल फ्लोट आर्म्स को मोड़ सकते/ती हैं या फ्लोट कप को मेटल एडजस्टिंग रॉड के साथ समायोजित कर सकते/ती हैं।
- ☐ स्क्रू को बदलें यदि इसमें जंग लग गया है या यह छिल गया है।
- ☐ उचित स्तर पर पानी बंद हो जाता है या नहीं यह परीक्षण करने के लिए समायोजन करने के बाद फ्लश करें।
- ☐ सुनिश्चित करें कि रिफिल ट्यूब ओवरफ्लो ट्यूब के अंदर सुरक्षित रूप से पाच सेंटीमीटर से अधिक गहरी नहीं है (यदि पानी का स्तर बहुत कम है, तो आपको एक प्रभावी फ्लश नहीं मिल सकता है)।
- ☐ यदि इससे आपका जल स्तर कम नहीं होता है, तो फ्लोट जलग्रस्त हो सकता है और इसे बदलने की या फ्लोट असेंबली को बदलने की आवश्यकता हो सकती है। कुछ टॉयलट्स में एक फ्लोट बॉल होती है, अन्य में एक फ्लोट कप होता है, और जल स्तर को समायोजित करने की विधि भिन्न होती है। अपने विशिष्ट मॉडल के विवरणों और निर्देशों के लिए अपने टॉयलेट विनिर्माता की वेबसाइट देखें।



19-0002046




## ड्युअल फ्लश टॉयलेट

जब कोई ड्युअल फ्लश टॉयलेट लीक हो रहा हो, तो सेंटर कनस्तर के तल पर एक घिसी-पिटी फ्लश वाल्व सील आमतौर पर दोषी होती है। पुराने हिस्सों को हटाने के लिए विनिर्माता के निर्देशों का पालन करें। **कई निर्माताओं की वेबसाइटों पर मरम्मत के वीडियो हैं,** जो आपको उन सटीक हिस्सों के बारे में बताएँगे जिनकी आपको अपने विशेष मॉडल को ठीक करने के लिए आवश्यकता है। कुछ हिस्से किट में आते हैं, और अन्य अलग से बेचे जाते हैं।

**मरम्मत शुरू करने से पहले, याद रखें:**

- ☐ अपने टॉयलेट में पानी की आपूर्ति को बंद करें, जो आमतौर पर टॉयलेट के पीछे या बगल की दीवार पर स्थित होती है।
- ☐ टैंक के पानी को फ्लश करें।

## क्या अभी भी एक हाई फ्लो टॉयलेट के मालिक हैं?

अपने पुराने टॉयलेट को एक उच्च दक्षता वाले के साथ बदलने पर विचार करें जो पानी और आपके बिल दोनों पर पैसा बचाता है। एक पुराना टॉयलेट यहाँ तक कि **प्रति फ्लश 13-20 लीटर पानी** फ्लश कर सकता है। **वाटरसेंस (WaterSense)** लेबल वाले टॉयलेट की तुलना में, जो औसतन **4.8 लीटर प्रति फ्लश** का उपयोग करता है।

**वाटरसेंस (WaterSense)** लेबल वाले टॉयलेट्स में उच्च दक्षता, सिंगल फ्लश मेकैनिज्म के साथ उच्च प्रदर्शन टॉयलेट और साथ ही कई अलग-अलग ड्युअल-फ्लश मॉडल शामिल हैं, (जो ठोस फ्लश के लिए पानी की अधिक मात्रा और तरल फ्लश के लिए कम मात्रा का उपयोग करते हैं)।

आप अपने बजट में फिट होने वाले **वाटरसेंस (WaterSense)** लेबल वाले टॉयलेट्स हर हार्डवेयर स्टोर में पा सकते हैं। बस बॉक्स पर **वाटरसेंस (WaterSense)** लोगो देखें और बचत करना शुरू करें!



## क्या आपको पता था?

वॉटर यूटिलिटी बायलॉ के अनुसार, सभी नए घरों और साथ ही आवासीय और वाणिज्यिक निर्माण नवीकरण परियोजनाओं में जिसमें प्लंबिंग परमिट की आवश्यकता होती है, **लो वाटर यूज फिक्स्चरों का यथास्थान होने की आवश्यकता है।** टॉयलेट (बाउल और टैंक) को प्रति फ्लश छह लीटर (1.6 अमेरिकी गैलन) से अधिक नहीं होना आवश्यक है।

अधिक जानकारी के लिए, **calgary.ca/waterleaks** पर जाएँ



19-0002046